RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 350
हिसार | रविवार, 17 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







# मंत्रिमंडल विस्तार टलने के बाद एक्टिव हुए सीएम सैनी, संगठन नेताओं से मिलना शुरू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 17 मार्च** : मंत्रिमंडल विस्तार टलने के बाद अब सीएम नायब सैनी भाजपा के नेताओं को साधने में जुट गए हैं। दिल्ली दौरे के दौरान हाईकमान से मिले निर्देश के बाद नायब सैनी एक्टिव हो गए हैं। पार्टी में लंबे समय से संगठन में एक्टिव और पार्टी का जाट चेहरा ओपी धनखड़ से भी उन्होंने अपने सरकारी आवास में इसी को लेकर मुलाकात की। दोनों के बीच संगठन और लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान उनके साथ संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा भी मौजूद रहे। पार्टी सूत्रों की माने तो भाजपा हाईकमान की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बनाकर काम करें। चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़ से मिलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी। इस मुलाकात को लेकर ओपी धनखड़ का कहना है कि यह उनकी एक सामान्य मुलाकात थी। चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़ से मिलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी। इस मुलाकात को लेकर ओपी धनखड़ का कहना है कि यह उनकी एक सामान्य मुलाकात थी। कैलाश विजयवर्गीय के हरियाणा दौरे के दौरान उन्हें संगठन की ओर से इनपुट दिया गया था कि हरियाणा सरकार में ब्यूरोक्रेसी का काफी प्रभाव है। यहां विधायकों और संगठन के नेताओं की अफसर बात नहीं सुनते हैं। इससे सरकार की छवि खराब हो रही है। इसके बाद केंद्रीय नेतृत्व ने नए



मुख्यमंत्री को साफ निर्देश दिए हैं कि बेलगाम ब्यूरोक्रेसी पर अंकुश लगाया जाए। नए सीएम को केंद्रीय नेतृत्व ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह संगठन के बड़े चेहरों को आगे लाएं और उनके साथ समन्वय बनाकर काम करें। पार्टी सूत्रों के अनुसार दूसरी वजह यह बताई गई है कि सरकार और संगठन में वन मैन शो नहीं होना चाहिए। पूर्व में ऐसे हालात हो गए थे कि सरकार और संगठन में वन मैन शो हो गया था। संगठन के साथ ही सरकार में एक ही व्यक्ति दिखाई दे रहा था। जबकि भाजपा में यह परंपरा रही है कि सरकार और संगठन अपने-अपने स्तर पर काम करते हैं। इस कार्य को सही गति मिल सके इसके लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की तरफ से संगठन मंत्री की नियुक्ति की जाती है। इसके जरिए संगठन और सरकार के बीच समन्वय बनाया जाता है।

**धनखड़ के साथ ही शुरुआत हुई**

मुख्यमंत्री नायब सैनी केंद्रीय नेतृत्व से मिले निर्देशों के बाद अलर्ट हो गए हैं। हरियाणा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ से उन्होंने मुलाकात कर इसका सकारात्मक संदेश भी दे दिया है। धनखड़ हरियाणा में भाजपा संगठन को लेकर काफी एक्टिव रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की संख्या में जबरदस्त इजाफा किया था। 2019 में जब उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ली तो संगठन में 1 लाख कार्यकर्ताओं की संख्या थी, लेकिन तीन साल में उन्होंने यह संख्या 3.25 लाख तक पहुंचा दी। इसके अलावा वह पार्टी का बड़ा जाट चेहरा भी हैं।

**दूसरे नेताओं से भी जल्द मीटिंग**

ओपी धनखड़ के बाद जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सैनी संगठन के दूसरे बड़े नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि पूर्व सीएम मनोहर लाल को भी अपने संसदीय क्षेत्र करनाल में प्रवास करने को कहा गया है। संगठन स्तर पर भी उन्हें हिदायत दी गई है कि वह सरकार और संगठन के बीच समन्वय बनाए रखें।

## हरियाणा में आईएएस-एचसीएस अफसरों के तबादले, नए चीफ सेक्रेटरी के पहले ट्रांसफर ऑर्डर; ए-श्रीनिवास रेवेन्यू-डिजास्ट के सक्रेटरी बने

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 17 मार्च** : हरियाणा में लोकसभा चुनाव को देखते हुए ब्यूरोक्रेसी में बदलाव की प्रक्रिया जारी है। एक दिन पहले सूबे के नए मुख्य सचिव बने टीवीएसएन प्रसाद ने पहली ट्रांसफर लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 2004 बैच के सीनियर आईएएस ए श्रीनिवास को अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें सूबे के रेवेन्यू एंड डिजास्टर का सेक्रेटरी बनाया गया है। इसके अलावा उनको फरीदाबाद मेट्रो डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का CEO भी बनाया गया है। उनके अलावा 3 एचसीएस अधिकारियों की भी जिम्मेदारी बदली गई है।

# मेहनती कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव के लिए हर समय तैयार भाजपा : डॉ. आशा खेदड़

### लाभार्थी योजनाओं के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम आयोजित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च** : भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि पार्टी अपने मेहनती कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव के लिए हर समय तैयार हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होगी। डॉ. आशा खेदड़ भाजपा जिला कार्यालय में लाभार्थी योजनाओं के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार ने हर वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं। ऐसे में हमें अपने कार्यों व योजनाओं की बदौलत चुनाव में जाना है। जनता को बताना है कि सरकार ने उनके लिए क्या-क्या योजनाएं बनाई है। उन्होंने कहा कि नए लोगों को पार्टी



के साथ जोड़ना है। संपर्क अभियान में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना हमारा कर्तव्य है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि प्रशिक्षण में जिला के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला शक्ति केंद्र प्रमुख सहित अनेक पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक विक्रम कासनिया एवं सह संयोजक प्रोमिला पूनिया रहे। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पदाधिकारियों एवं आए हुए सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप जिला महामंत्री अशोक सैनी, प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन, पूर्व विधायक वेद नारंग, प्रवीण जैन, आईटी प्रमुख संजय सैनी, जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सभी मंडलों के शक्ति केन्द्र प्रमुख सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।









# मौकापरस्त राजनीतिकों को सबक सिखाना आज सबसे बड़ा मुद्दा : दिलबाग हुड्डा लुदास



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** शुक्रवार को दिल्ली किसान महापंचायत से लौटने के बाद किसान-मजदूर नेता दिलबाग हुड्डा लुदास ने एक ब्यान जारी करते हुए आवाहन किया इन दल बदलू मौकाप्रस्तों को सबक सिखाना चाहिए, चाहे वे किसी भी पार्टी या किसी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। हुड्डा ने तंज कसते हुए कहा वोट हमारे, राज करे कोई इन्होने लिहाज़ शर्म सब है खोई। बाप, बेटा, पत्नी चाहे भाई। इन ते दूसरा ना पनपे कोई भाई। अरे भोलो थारे इब भी कोनी समझ में आई। थारे ताहि बेच के ही तो 2019 में सरकार बनाई। इब फेर कर ली थारे को बेचन की तैयारी। इन न झूठी तोड़ी सै या यारी। साढ़े चार साल काचे काटे। और हम सारे आपस में बांटे। जात पात धर्म में ना बटों मेरे भाई। इन सबकी इबके कर दियो विदाई। श्री हुडा ने आम जनमानस से अपील की है की किसी के भी झूठे झांसे में मत आना नहीं तो पछताना ही पछताना। आप अपने हल्के के गांव के स्थाई निवासी व हर समय आपके साथ और हल्के की समस्या से परिचित हों और समस्या के निदान की हिम्मत रखता हो। आपके सुख दुःख में खड़ा मिले। आपके पसन्द का उम्मीदवार बनाए और चुन कर विधान सभा और संसद में भिजवाने का काम करें। ताकि वह आपकी आवाज़ बन सके। और आप अपनी ताकत को पहचान सको। तभी बाबा भीम राव अंबेडकर जी और चौधरी छोटू राम जी के सपनों का भारत बन सके।

# अंगदान से दूसरे की जान बचाएं तो अपना जीवन सार्थक होगा

## अध्यात्म

विधाता ने जीवों के शरीर की संरचना एक दक्ष इंजीनियर की भांति की है- त्रुटिहीन। परंतु कभी-कभी उससे भी चूक हो जाती है। इस देह की फैक्ट्री में कब कौन सा पुर्जा हाथ खड़े कर देगा, कोई नहीं जानता। कभी आंखें, कभी दिल, कभी जिगर कभी पैंक्रियाज - अचानक अलविदा कहने की तैयार कर लेते हैं। ऐसे में सुनने वालों की पहली प्रतिक्रिया सहानुभूति से भरी होती है। जिस अंग को बदलने से जीवनदान मिल सकता है, उसे प्रस्तुत करने वालों की कतार लग जाती है। मगर कभी-कभी ऐसा भी होता है कि अक्ल का शैतान हावी हो जाता है, आसपास के लोग कतराने लगते हैं। मरीज और उसका परिवार अकेला रह जाता है। कई बार बेहद अंतरंग संबंधी भी हामी भरने के बाद, चुपके से डॉक्टर से कोई तकनीकी वजह बता देने का अनुरोध कर बैठते हैं, यह कहते हुए कि उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं। तब बेचारा मरीज एक-एक सांस के लिए मोहताज हो जाता है। ऐसे में जीवन भर की पूंजी हाथ में लेकर परिवार अंग खरीदने निकल पड़ता है। इसी समय वह अंग व्यापारियों के चंगुल में फंसता है। हमारे देश में प्रति वर्ष हजारों लोगों के गुर्दे खराब होते हैं, लेकिन केवल तीन हजार लोगों को डोनर मिल पाते हैं। ऐसी हालत में 100 करोड़ से ऊपर आबादी वाले देश में किसी की मृत्यु के बाद कानूनन उसे डोनर मान लिया जाए तो इस अंतर को पाटा जा सकता है। ब्राजील आदि कई देशों में जब तक कोई अस्वीकृति न दे या कोई बेहद गंभीर बीमारी में न मरे, तब तक सभी स्वाभाविक रूप से डोनर माने जाते हैं। दुर्घटनाओं के शिकार या गंभीर रूप से बीमार लोगों को अंग-प्रत्यारोपण की जरूरत बनी रहती है। इनमें से कितनों के बच्चे बेसहारा होने से बच सकते हैं। ऋषि दधीचि हम सब में बसते हैं। उसी भावना को जगाकर हम अपने शरीर का दान कर सकें तो यह नश्वर शरीर जिंदा रह सकता है। अंत में इस काया को या तो जला दिया जाता है या दबा दिया जाता है। मृत शरीर में से सूक्ष्म तत्व निकाल कर विराट में लीन हो जाता है। अंग-प्रत्यारोपण के विषय में कुछ अंधविश्वास भी फैले हुए हैं, जैसे- नेत्रदान, अंगदान करने वाला व्यक्ति दूसरे जन्म में विकृत शरीर लेकर पैदा होगा। आत्मा को अजर-अमर और शरीर को नश्वर मानने वाला यह देश ऐसे निर्मूल तर्कों में फंसे यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है। कुरान के अनुसार प्रार्थना हमें ईश्वर की तरफ आधे रास्ते तक ले जाती है, उपवास भी मात्र द्वार तक पहुंचाता है, सिर्फ दान ही ऐसा साधन है जो ईश्वर तक पहुंचाता है। यदि अंगदान कर किसी की जिंदगी बचा ली जाए तो अपना भी जीवन सार्थक हो जाए।

# सुण मौल्लड़ की



पेट्रोल-डीजल दो रूपए सस्ता।

आगली सरकार बणे पाछे फेर डबल रेट।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** अधिकारियों से मेल-जोल संभव है। अटके काम आसानी से पूरे होंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**वृषभ :** परिवार में मांगलिक कार्य होने की संभावना। मधुर बाणी से सबका दिल जीत लेंगे। महमानों की आवाजाही से घर में चहल-पहल होगी।

**मिथुन :** सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे। नए संपर्क जीवनशैली में बदलाव ला सकते हैं। महत्पवूर्ण फैसले जल्दबाजी में न लें।

**कर्क :** मन में तनाव बना रहेगा। आलोचना का शिकार हो सकते हैं। फिजूलखर्ची करने से बचें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**सिंह :** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। उपलब्धियों को परिवार के साथ बांटकर उत्साहित रहेंगे।

**कन्या :** मेहनत से हर मुश्किल काम आसान होंगे। राज्यपक्ष से अनुकूल लाभ की संभावना बनेगी। कार्यस्थल पर आपकी प्रतिभा को नई पहचान मिलेगी।

**तुला :** पूर्व में किए शुभ कार्मों का फल प्राप्त होगा। लंबे समय से अटके काम पूरे होंगे। नई योजनाओं की शुरुआत लाभकारी रहेगी।

**वृश्चिक :** खान-पान संभलकर करें। सेहत संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। कार्यों में अड़चनें पैदा होंगी। झूठे आरोप लगने की संभावना। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**धनु :** घर की साज-सज्जा पर खर्च संभव है। परिवार का साथ खुशी देगा। पुराने रोगों से छुटकारा मिलेगा।

**मकर :** बेवजह बहस करने से बचें। करीबी नुकसान पहुंचा सकते हैं। मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। दुर्गा माता की पूजा करें।

**कुभ :** पुराने मामले सुलझने से राहत मिलेगी। राह में आ रही मुश्किलें दूर होंगी। भविष्य को लेकर नई योजना बनाएंगे।

**मीन :** आत्मविश्वास में कमी आएगी। मन में किसी बात को लेकर डर बना रहेगा। लोगों द्वारा विरोध संभव है। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# दयानन्द कालेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा गाँव बाडो पट्टी में कैंप का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** दयानन्द कालेज, हिसार के मनोविज्ञान विभाग द्वारा गाँव बाडो पट्टी में कैंप का आयोजन किया गया। ज्ञात रहे कि इस गाँव को दयानन्द कॉलेज द्वारा गोद लिया हुआ है। पूरे कौरान काल के दौरान जरुरत मन्दों को मनोवैज्ञानिक परामर्श भी दिया गया। कैंप का उद्धघाटन ग्राम सरपंच श्री पवन कुमार शास्त्री ने किया। सर्वप्रथम ग्राम सरपंच ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया तथा सरपंच ने बाडो पट्टी गाँव की उपलब्धियों के बारे अवगत करवाया। तत्पश्चात मनोविज्ञान विभाग से डॉ. अरुणा कद ने गांव के लोगों को मनोविज्ञानिक समस्याओं के बारे मे जागरूक किया। उन्होंने अपने सम्बोधन मे मोबइल के अत्यधिक होने वाले दुष्प्रभाव के बारे बताया। विभाग से डॉ रेनू राठी ने वेलबिंग तथा हैप्पीनस के ऊपर ग्रामीण लोगो को जानकारी दी तथा कुछ टिप्स दिए। कैम्प मे उपस्थित गाँव के कुछ गणमान्य लोगो ने भी विद्यार्थियों के साथ अपने अपने अनुभवो को साँझा किया तथा उन्हें प्रेरणा दी कि जीवन मे सदा सकारात्मक रहे और मेहनत करते रहे।कैंप मे मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने ग्रामीण लोगो पर वेलबींग और केस हिस्ट्री तैयार की।और उनके बारे में जानकारी इकट्ठी की। जिन लोगों को समस्याएं थी उन्हें परामर्श के लिए बुलाया गया क्योंकि इस कैंप का आयोजन गांव के एक स्कूल में किया गया था तो विभाग विभाग के सदस्यों ने लोगों और स्कूल के विद्यार्थियों को भी मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली गुड टच,बेड टच के बारे में बताया गया। लड़कियों के समूह को अलग से संबोधित किया गया और उन्हें इमोशनल मेच्योरिटी, मेंस्ट्रल हाइजिन, फोन फोन एडिक्शन के बारे में बताया गया। कैंप में बॉर्डर पट्टी गांव से काफी संख्या में ग्रामीण लोगों ने भाग लिया। मंच का संचालन डॉक्टर शर्मिला गुणपाल ने किया तथा अंत में सभी का धन्यवाद किया। इस कैंप के सफल आयोजन में लैब स्टाफ श्री संदीप कुमार तथा श्री प्रवीण कुमार का भी सहयोग रहा तथा विद्यार्थियों ने भी काफी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

# सुनील ढिल्लो व देवीलाल गुराणा का श्रम बोर्ड का मेंबर बनने पर किया स्वागत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ की हिसार जिले की बैठक विद्युत सदन में जिला अध्यक्ष रामकेश श्योराण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंच संचालन जिला सचिव पवन गुंदली ने किया। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी से प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप बागनवाला, संगठन मंत्री विक्रम श्योराण व प्रदेश सह- कोषाध्यक्ष विकास बेनीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई व हिसार जिले में संगठन के प्रचार प्रसार के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के प्रभारी सुनील ढिल्लों और प्रांत मंत्री देवीलाल गुराणा को श्रम बोर्ड का मेंबर बनाए जाने पर पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष नरेश बालू व अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कंवरपाल को भी श्रम बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए सुनील ढिल्लो व देवीलाल गुराणा ने कहा कि अनुबंधित कर्मचारियों का अगर कोई सच्चा हितेषी है तो वह भारतीय मजदूर संघ ही है। उन्होंने बताया कि संगठन के कारण ही पूरे हरियाणा में अनुबंधित कर्मचारियों के ऊपर से ठेकेदार को हटाया गया है। इसके साथ ही पिछले दिनों जो सरकार के अधिकारियों से वार्ता हुई उसके बारे में बताते हुए कहा कि जल्द ही अनुबंधित कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर ग्रेच्युटी का लाभ मिलेगा। कच्चे कर्मचारियों के लिए सरकार द्वारा पॉलिसी बनाने पर विचार किया जा रहा है।जिसके लिए सभी विभागों से डाटा एकत्रित किया जा रहा है। संघ के कारण ही सरकार द्वारा विद्युत विभाग में दुर्घटना होने पर नियमित कर्मचारियों के समान ही बीमा राशि देने का निर्णय लिया गया है। हरियाणा के कुछ जिलों में पिछले तीन वर्षो से वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुई है इसके बारे में भी वार्ता हुई। अधिकारियों द्वारा बताया गया की वेतन वृद्धि की फाइल प्रक्रिया में है जल्द ही कर्मचारियों को वेतन वृद्धि मिल जाएगी। इसके साथ ही देवीलाल जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आचार संहिता लग चुकी है। अब जितना ज्यादा हो सके संगठन का प्रचार प्रसार धरातल पर करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में साथियों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाएं। बैठक में जिला सलाहकार राजकुमार शर्मा हाँसी डिवीजन के अध्यक्ष राममेहर श्योराण, उपाध्यक्ष प्रदीप दलाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता हर्षवर्धन जोशी जी, हिसार डिवीजन 1 से करण सिंह, बरवाला सब डिवीजन के अध्यक्ष राजकुमार, उपाध्यक्ष अजीत डावर, कोषाध्यक्ष अनिल पूनिया, जोगिंदर, राजेंद्र, संदीप विद्युत सदन के अध्यक्ष नीरज तारा, कोषाध्यक्ष हरीश सह सचिव सत्येंद्र, अशोक व अन्य कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

# कर्म का मर्म

## नेकी का बदला नेकी

एक लड़का अपनी पढ़ाई का खर्च जुटाने के लिए फेरी लगाकर घरों में जरूरत का सामान बेचता था। एक दिन वह तेज भूख के कारण व्याकुल हो गया और किसी घर से भोजन मांगने जा पहुंचा। दरवाजा एक लड़की ने खोला, लेकिन लड़के ने संकोचवश केवल एक गिलास पानी मांगा। लड़की समझदार थी, वह लडके को देखकर ही समझ गई कि वह बहुत भूखा है। उसने उसे एक गिलास दूध पीने को दे दिया। लड़के ने कृतज्ञता व्यक्त करते हुए दूध पी लिया और पूछा कि उसके बदले उसे कितने पैसे देने होंगे। लड़की ने कहा- कुछ नहीं। यह तो मेरा मानवीय दायित्व है। मां ने कहा है किसी की मदद के बदले पैसा नहीं लेना चाहिए। लड़के ने उससे धन्यवाद कहा और उसे दृढ़ विश्वास हो गया कि संसार में अभी मानवता बची है। बड़ी होने पर उस लड़की को ऐसी गंभीर बीमारी हो गई जिसका इलाज लोकल अस्पताल में नहीं था। विशेषज्ञ डॉक्टर को बुलाना पड़ा। डॉक्टर को मरीज का विवरण मिला। उसे पढ़कर डॉक्टर को कुछ याद आ गया। वह तुरंत लड़की के इलाज के लिए पहुंच गया। उसने देखा कि सचमुच यह वही लड़की थी जिसने



उसे कभी गिलास भर दूध पिलाया था। उसने मन लगाकर लड़की का इलाज शुरू कर दिया। बढ़िया इलाज और देखभाल से वह शीघ्र स्वस्थ हो गई। इलाज का बिल काफी ज्यादा था, लेकिन डॉक्टर ने उसके नीचे कृतज्ञता सहित लिखा- इस बिल का भुगतान काफी पहले एक गिलास दूध से किया जा चुका है। नीचे उसके हस्ताक्षर थे। यह देखकर उस लड़की के मुंह से निकला- नेकी कभी बेकार नहीं जाती।


# 20 मार्च से उपायुक्त कार्यालय पर अनिश्चितकालीन पड़ाव लगाएंगे निर्माण मजदूर

## हरियाणा की भाजपा सरकार व श्रम कल्याण बोर्ड के अधिकारियों के दावे खोखले : मनोज सोनी सीटू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** निर्माण मजदूरों ने अपनी मांगों की सरकार द्वारा अनदेखी के खिलाफ और मांगों को पूरा करवाने के लिए 20 मार्च को उपायुक्त कार्यालय पर अनिश्चितकालीन पड़ाव लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में भवन निर्माण कामगार यूनियन जिला कमेटी ने ऑनलाइन मीटिंग की, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान राजू बरवाला ने की व संचालन जिला सचिव मनोज सोनी ने किया। इसमें राज्य महासचिव राममेहर व राज्य उप प्रधान भी शामिल हुए। भवन निर्माण कामगार यूनियन जिला सचिव मनोज कुमार सोनी ने बताया कि 31 मार्च को श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण मजदूर की छात्रवृत्ति फॉर्म अप्लाई करने की अंतिम तिथि है और हजारों निर्माण मजदूर अभी भी 90 दिन के काम की वर्क स्लिप को लेकर दर-दर भटकने को मजबूर है। यहां तक की लेबर डिपार्टमेंट के ए.डी ए.डबल्यू.ओ लेबर इंस्पेक्टर पंचायत सचिव, पटवारी सहित अन्य अधिकारी जो वर्कस्लिप को वेरीफाई कर सकते हैं कोई भी अधिकारी निर्माण मजदूर की वर्कस्लिप को लेकर वेरीफाई करने को तैयार नहीं है। भवन निर्माण कामगार यूनियन ने 18 दिसंबर और 18 जनवरी को भी 90 दिन के काम की वर्कस्लिप को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। लेबर डिपार्टमेंट के अधिकारियों से बातचीत हुई जिसमें आश्वासन दिया गया। चंडीगढ़ के अधिकारियों से भी यूनियन के डेलिगेशन ने बातचीत की और आश्वासन मिलकर निर्माण मजदूर की वर्कस्लिप जल्द से जल्द वेरीफाई की जाएगी परंतु 3 महीने से ज्यादा समय बीत जाने पर भी अभी तक निर्माण मजदूर की समस्याएं ज्यों की ज्यों है। इन परिस्थितियों के चलते यूनियन ने 18 मार्च को दो दिवसीय पड़ाव लगाने का नोटिस श्रम विभाग को दिया था परंतु मजदूरों की समस्याओं को हल ना होते देख यूनियन ने ऑनलाइन मीटिंग में निर्णय लिया कि 20 मार्च से उपायुक्त कार्यालय हिसार पर अनिश्चितकालीन पड़ाव लगाया जाएगा। जब तक निर्माण मजदूर की वर्कस्लिप सहित अन्य मांग पूरी नहीं होती है तब तक यह पडाव जारी रहेगा

उन्होंने बताया कि उपायुक्त, एडीसी, एसडीम को भी अनेक बार ज्ञापन देकर वर्कस्लिप वेरीफाई करवाने की मांग कर चुके हैं परंतु जब नीचे स्तर पर जाकर






पंचायत सेक्रेटरी या पटवारी से मिलते हैं तो वे मना कर देते हैं। श्रम विभाग हिसार का असिस्टेंट डायरेक्टर कई दिनों से मेडिकल छुट्टी पर हैं और मजदूर असिस्टेंट डायरेक्टर हिसार के ऑफिस में चक्कर काटते रहते हैं। यूनियन ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को भी मजदूरों के समस्याओं से अवगत करवाया था अभी भी नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को यूनियन ने अपना मांग पत्र भेजा है और समय मांगा है कि जल्द से जल्द निर्माण मजदूर की समस्याओं पर बातचीत करने के लिए यूनियन के डेलिगेशन को समय दिया जाए क्योंकि नए सीएम पहले भी इस बोर्ड के मंत्री रह चुके हैं उन्हें निर्माण मजदूर की समस्याओं बारे बेहतर तरीके से पता है परंतु अभी तक ना तो श्रम कल्याण बोर्ड के अधिकारी निर्माण मजदूर की समस्याओं को हल कर रहे हैं और ना ही हरियाणा सरकार मजदूरों की समस्याओं का हल कर रही है। इसलिए यूनियन लोक सभा व विधान सभा चुनाव में भाजपा सरकार का भारी विरोध करेगी। आनलाइन मीटिंग में राकेश गंगवा, मनोज सोनी राजू बरवाला रणधीर सातरोड, कामरेड देशराज वेद प्रकाश शर्मा सुरेश शास्त्री नगर वीरेंद्र दुर्जनपुर राजेश जुगलान रामनिवास खेड़ी बर्खी रामफल बरवाला राजवीर बीछपड़ी राधेश्याम उकलाना राजवीर पावड़ा राजेश बिठमडा, सरवन आदमपुर सहित अन्य पदाधिकारी मीटिंग में शामिल हुए।

प्रिंटिंग के लिए संपर्क करें
स्कूल की डायरी, कलर इश्तिहार, बड़े पोस्टर, मैगजीन, न्यूज़ लेटर तथा संस्था का अखबार आदि
प्रिंट करवाने के लिए संपर्क करें :
SHYAM KUMAR
M.: 9255273410
E-Mail Id :- dailypathakpaksh@yahoo.in
कार्यालय
दैनिक पाठकपक्ष
33-S Model Town Market, Hisar

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
müse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar



Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें : 8222035555

# खेलों से जीवन में भरती है नई उमंग, आपसी मनमुटाव भी होता है दूर : प्रो. काम्बोज

## बेसिक सांइस कालेज की अनीता महिला वर्ग में व अंकित पुरुष वर्ग में रहे बेस्ट एथलीट, हकृवि में तीन दिवसीय 51वीं वार्षिक एथलेटिक मीट संपन्न










**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय 51वीं वार्षिक एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आज संपन्न हुई। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एग्रीकल्चर कालेज, हिसार ने पुरुष वर्ग में व कालेज ऑफ कम्युनिटी साइंस ने महिला वर्ग में चैम्पियनशिप ट्राफी जीती। ओवरऑल चैम्पियन पुरूष वर्ग में एग्रीकल्चर कालेज, हिसार व महिला वर्ग में कालेज ऑफ कम्युनिटी साइंस रहा। बेस्ट एथलीट महिला वर्ग में कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस की छात्रा अनिता व पुरूष वर्ग में छात्र अंकित बेस्ट एथलीट रहे। इन दोनों खिलाड़ियों को डॉ. सत्य प्रकाश आर्य ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की ट्राफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में लुवास के कुलपति विनोद कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में खेलों का जीवन में महत्व बताते हुए कहा कि खेलों से न कि हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं अपितु यह हमारे जीवन में नई उमंग भी भरते हैं। साथ ही यह हर आयु वर्ग के लोगों को एक मंच पर लाकर एक-दूसरे को जानने के साथ-साथ आपसी मनमुटाव को भी दूर करता है। भागदौड़ की जिंदगी में स्वयं को स्वस्थ रखने का सबसे सुगम माध्यम खेल है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ बेहतरीन खिलाड़ी भी तैयार किए है, जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पटल पर विश्वविद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। मुख्यातिथि ने कहा कि खेल हमें ऐसा वातावरण प्रदान करता है, जिससे सभी का समान रूप से सामूहिक विकास होता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारीगणों, शिक्षकगणों व खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे रोजमर्रा जीवन में खेलों को जरूर शामिल करें, जिससे हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ भी रहेंगे, साथ ही एक-दूसरे से परंस्पर मधुर संबंध स्थापित करने का अवसर भी मिलेगा।

**मानसिक रोगों से भी बचाता है खेल : विनोद कुमार वर्मा**

लाला लाजपतराय पशु विज्ञान एवं पशु चिकित्सालय, हिसार के कुलपति विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि आज की भागदौड़ की जिंदगी में व्यक्ति शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रोगों से भी ग्रस्त हो रहा है। खेल हमें तनाव रहित रखने व शरीर को विभिन्न रोगों से दूर रखने में अपनी अहम भूमिका निभाता है। कुलपति ने हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज का आभार प्रकट कर लुवास और एमएचएयू, करनाल के खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से एक मंच पर लाने के प्रयास को सराहा।

**रस्साकशी में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने लगाई जोर-अजमाईश**

प्रतियोगिता के अंतिम दिन भी कई रोमांचक मुकाबले हुए, जिनमें फैक्लटी के बीच पुरूष व महिला वर्ग में सुई-धागा दौड़ हुई। विश्वविद्यालय के अधिकारीगण व शिक्षकगणों ने म्युजिकल चेयर रेस में भाग लेकर प्रतियोगिता को और भी रोमांचक बना दिया। इसके अलावा प्रतियोगिता का आकर्षण का केंद्र महिला व पुरूष वर्ग में रस्साकशी रही, जिसमें महिला वर्ग में शिक्षकों ने छात्राओं को हराया, जबकि पुरूष वर्ग में छात्रों ने बाजी मारी।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज ने विभिन्न खेलों में विजेता रहे खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिचड़ ने सभी का औपचारिक तौर पर स्वागत किया, जबकि मंच संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष सहित वैज्ञानिक व काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

**अन्य खेलों के परिणाम भी इस प्रकार रहे**

100 मीटर दौड़ (महिला): एग्रीकल्चर कालेज, बावल की इशिका प्रथम, कॉलेज ऑफ वेटनरी साइंस की नीतिका द्वितीय व कालेज ऑफ कम्युनिटी साइंस की ज्योति तीसरे स्थान पर रही।

# ओ.एस.जी.यू. में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय, अल-तकवा विश्वविद्यालय, जलालाबाद,अफगानिस्तान तथा इ.एन.इ.अ. रिसर्च सेंटर, ट्राइसैन इटली राष्ट्रीय स्तर के तत्वाधान में 'बेहतरीन भविष्य के लिए डिजिटल युग में इंजीनियरिंग वाणिज्य, प्रबंधन और आतिथ्य प्रबंधन में उभरते रुझान' विषय पर ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने इस प्रोग्राम की सभी शोधार्थियों को बधाई दी और उन्हें प्रोत्साहित किया। डॉ पुनीत गोयल ने कहा की इस तरह की कॉन्फ्रेंस की सहायता से हम विशेष विषयों के बारे में अच्छे से अध्ययन एवं चर्चा कर महत्वपूर्ण जानकारियां हांसिल कर सकते हैं। प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल आए हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया कॉन्फ्रेंस की कड़ी को आगे बढ़ाया और बताया की ओ.एस.जी.यू में समय समय पर इस प्रकार की कॉन्फ्रेंस आयोजित होती रहती है। यह कॉन्फ्रेंस दो दिन (16 मार्च और 17 मार्च) तक चलेगी,जिसमे अलग अलग देशों से विशेषज्ञों द्वारा संबंधित विषयों पर चर्चा की जायेगी। प्रथम दिन के सुबह के सत्र में प्रो. (डॉ) एस. के. तोमर, वाइस चांसलर, जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने टेक्नोलॉजी का महत्व समझाते हुए कहा की टेक्नोलॉजी हम सब के लिए काफी फायदेमंद है, पर कई लोग इसका गलत इस्तमाल करते है, जोकि खास कर युवाओं के लिए नुकसान दायक है। इन्ही के साथ के मुख्य वक्ता के रूप ने डॉ वी. के. शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक (डिवीजन ऑफ बायो एनर्जी, बायो रिफाइनरी एंड ग्रीन केमिस्ट्री, इ.एन.इ.अ. रिसर्च सेंटर, ट्राइसैन इटली) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने लाइफ से जुड़े कुछ खास किस्से सभी के साथ सांझा किए और बताया की मेहनत के बल पर हम ज़िंदगी में हर मुकाम को हासिल कर सकते है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक ने इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की खुशी व्यक्त की व प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता का स्वागत किया। इसी के साथ ड्रीम टेक्नोलॉजी की जानकारी सांझा की और ऑनलाइन माध्यम से जुड़े अल-तकवा विश्वविद्यालय, अफगानिस्तान के प्रबंधन का धन्यावाद किया। यह कॉन्फ्रेंस 3 जगह ऑनलाइन माध्यम से चली जिसमे सत्र के चेयरपर्सन डॉ सुनील ठाकुर, डॉ अमित नांदल और डॉ प्रवीण सहगल रहे। कॉन्फ्रेंस के प्रथम दिन 73 शोधार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से अपने रिसर्च पेपर को प्रस्तुत किया। कॉन्फ्रेंस के प्रथम दिन के अंतिम पड़ाव में डॉ कुलदीप सिंह ने मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता और उपस्थित सभी शिक्षको और शोधार्थियों का धन्यवाद किया। यह कॉन्फ्रेंस कॉमर्स विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट विभाग द्वारा करवाया गया। मंच का संचालन शिक्षक नीरज तनेजा ने किया।

# नैशनल सीनियर महिला हॉकी चैम्पियनशिप में हरियाणा ने की शानदार शुरुआत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** हॉकी हरियाणा ने 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला नैशनल हॉकी चैम्पियनशिप के अपने पूल 'डी' के प्रारम्भिक में असम हॉकी को 15-0 से रौंदकर प्रतियोगिता की शानदार शुरुआत की। मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम पिम्परी पुणे (महाराष्ट्र) में जारी इस चैम्पियनशिप में हॉकी हरियाणा टीम भारतीय टीम की कप्तान व हिसार की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सविता की कप्तानी में खेल रही है। हॉकी हरियाणा के वॉइस प्रैसिडेंट सुनील मलिक ने बताया कि विगत दिवस खेला गया हरियाणा का पहला मैच शानदार और एक तरफा रहा। हरियाणा की खिलाड़ी पूरे मैच के दौरान असम पर भारी रही। निर्धारित समय के अंत तक असम की टीम कोई गोल नहीं कर पाई। उन्होंने जानकारी दी कि दीपिका ने हरियाणा की ओर से मैच के दूसरे मिनट में ही पहला गोल करके अपनी टीम का खाता खोला। मैच के 56वें मिनट में आखरी गोल दागकर दीपिका ने आसाम टीम के भविष्य को सील कर दिया। इन मैच में दीपिका ने अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण 5 गोल किए। उन्होंने बताया कि दीपिका के अतिरिक्त हरियाणा के लिए एकता ने 1 गोल, शर्मिला देवी ने 2 गोल, नेहा गोयल ने 1 गोल, महिमा चौधरी ने 2 गोल, नवनीत कौर ने 1 गोल, ज्योति ने 1 गोल और उदिता ने 2 गोल किए। जसप्रीत कौर टीम के मैनेजर जबकि आजाद सिंह मलिक कोच और दिलबाग सिंह सहायक कोच के रूप में हरियाणा महिला टीम के साथ पुणे गए हुए हैं।

# 101 ऑटो चालकों को समाज सेवक अवार्ड देगा राह ग्रुप फाउंडेशन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** राह ग्रुप फाउंडेशन व ग्लोबल इंश्योरेंस कंपनी चालकों के बच्चों को भी देगी अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस हिसार। राह ग्रुप फाउंडेशन व ग्लोबल इंश्योरेंस कंपनी ने सामाजिक सरोकारों की कड़ी में हिसार जिले में सेवारत 101 ऑटो रिक्शा चालकों को समाज सेवक अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है। इस सम्मान समारोह में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र व पुलिस प्रशासन से जुड़ी नामी हस्तियां मौजूद रहेगी। यह सम्मान समारोह राह संस्था के समाज रक्षक सम्मान समारोह की कड़ी का ही एक हिस्सा है। इसके लिए चयनित 101 ऑटो चालकों को समाज सेवक अवार्ड प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ व ग्लोबल इंश्योरेंस कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि ऑटो रिक्शा चालकों के काम को अलग पहचान व उन्हें मान-सम्मान दिलवाने के लिए यह सम्मान समारोह हिसार, रोहतक व भिवानी जिलों में पहले चरण में होगा। उसके बाद जिलावार समाज सेवक अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह में होने वाले इस सम्मान समारोह के लिए 30 मार्च तक आवेदन करने होंगे। इन आवेदनों के लिए तय फार्म हिसार अलग-अलग ऑटो रिक्शा स्टैंड पर उपलब्ध होंगे। साथ ही संस्था के हैल्पलाइन पर अपनी जानकारी भेजी जा सकती है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए राह संस्था के हेल्पलाईन नंबर 9896999911 पर संपर्क किया जा सकता है। श्री सेलपाड़ के अनुसार समाज में ईमानदारी का परिचय देने, महिलाओं को मान-सम्मान प्रदान करने, क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को ऑटो या ई-रिक्शा के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के अलावा ऑटो/ई-रिक्शा चलाकर अपने बच्चों को मुकाम हासिल करवाने वाले ऑटो/ई-रिक्शा चालकों को इस सम्मान में प्राथमिकता दी जाएगी। श्री सेलपाड़ ने कहा कि संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा चालकों के समाज विकास में उनके योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त करना है। श्री सेलपाड़ ने कहा कि ग्लोबल इंश्योरेंस कंपनी प्रथम चयनित 501 ऑटो चालकों को 1100 से लेकर 2100 रुपये तक सस्ते बीमे की सौगात भी प्रदान करेगी। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन श्री सेलपाड़ ने बताया कि ऑटो रिक्शा चालकों के बच्चों को भी संस्था अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस प्रदान करेगी। जिसके लिए विद्यार्थियों को कक्षा दस, दस जमा दो में से किसी भी एक कक्षा में कम से कम 75 फीसदी अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इन कक्षाओं में पहले प्रयास में असफल रहे विद्यार्थी इस अवार्ड के पात्र नहीं होंगे। साथ ही इस वर्ष 2024 में ही यह उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

# सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में बैडमिंटन कॉनकार्ड का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में अंतर सदन बैडमिंटन मैच छात्र व छात्राओं के लिए दो समूहों में आयोजित किया गया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



# गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में स्टार्टअप इनक्यूबेटर सेंटर और ई-कर्मा इंडिया की तरफ से आइडियाकृति 5.0 और सर्टिफिकेट वितरित समारोह आयोजित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** छात्रों के बीच नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, हिसार में स्टार्टअप इनक्यूबेटर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने एक गतिशील बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता, आइडियाकृति 5.0 का आयोजन किया। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में उभरते उद्यमियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, सभी प्रतिष्ठित नकद पुरस्कार और अमूल्य परामर्श अवसरों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। आइडियाकृति 5.0 के लिए सम्मानित निर्णायकों के पैनल में वैदिक भारत के दूरदर्शी संस्थापक श्री मनोज वर्मा और गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, हिसार की प्रतिष्ठित प्रिंसिपल डॉ. दीपमाला लोहान शामिल थीं। उनकी विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि ने प्रतियोगिता को अत्यधिक महत्व दिया, प्रतिभागियों को उनके व्यावसायिक विचारों और रणनीतियों को परिष्कृत करने की दिशा में मार्गदर्शन किया। आइडियाकृति का एक प्राथमिक उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में उद्यम करने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना है। स्टार्टअप इनक्यूबेटर सेंटर के प्रमुख श्री धर्मवीर ने आज की अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे छात्र अपनी शिक्षा के साथ उद्यमशीलता को सहजता से एकीकृत कर सकते हैं, और सीखने के साथ-साथ कमाई करने की क्षमता पर भी जोर दिया। श्री धर्मवीर ने



टिप्पणी की, 'उद्यमशीलता यात्रा एक विचार से शुरू होती है।' आइडियाकृति छात्रों को उनकी नवीन अवधारणाओं को व्यवहार्य व्यावसायिक उद्यमों में बदलने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो उन्हें प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप परिदृश्य में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरणों और समर्थन से लैस करता है। श्री मनजीत दुहन (स्टार्टअप मैनेजर), श्री अमित, श्री अंकित बिढ़ान और श्री प्रवीन जैसी उल्लेखनीय हस्तियां इस अवसर पर उपस्थित रहीं और उन्होंने महत्वाकांक्षी उद्यमियों को अपनी विशेषज्ञता और प्रोत्साहन प्रदान किया। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की जीवंतता को बढ़ा दिया, प्रतिभागियों को रचनात्मक रूप से सोचने और पारंपरिक सोच की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। आइडियाकृति 5.0 ने नवाचार के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य किया, जिससे छात्रों को अपनी उद्यमशीलता क्षमता को उजागर करने और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता ने न केवल नवीन व्यावसायिक विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया बल्कि प्रतिभागियों के बीच सहयोग और सीखने की भावना को भी बढ़ावा दिया। जैसे ही आइडियाकृति 5.0 का समापन हुआ, प्रतिभागी नई प्रेरणा और उद्यमशीलता यात्रा की गहरी समझ के साथ चले गए। अनुभवी विशेषज्ञों और सलाहकारों से बहुमूल्य प्रतिक्रिया के साथ, वे अब अपने उद्यमशीलता प्रयासों को शुरू करने के लिए तैयार हैं, जो व्यापार जगत में एक सार्थक प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। आइडियाकृति 5.0 के साथ, स्टार्टअप इनक्यूबेटर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने अगली पीढ़ी के इनोवेटर्स और उद्यमियों को पोषित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिससे हिसार और उसके बाहर एक उज्जवल, अधिक उद्यमशील भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। इस कार्यक्रम में ई-कर्मा इंडिया की ओर से प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

# फतेहचन्द महिला कॉलेज की दो दिवसीय 64वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार की दो दिवसीय 64वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध समाजसेवी, गौभक्त श्री रामकुमार रावलवासिया के द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने मुख्य अतिथि एवं प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री रामकुमार रावलवासिया एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का विधिवत स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे समाजसेवी एवं गौभक्त रामकुमार रावलवासिया जी का आशीर्वाद सदैव हमारे महाविद्यालय पर बना रहे। उनका निष्काम कर्मयोग, सादा जीवन एवं उच्च विचार हमें प्रेरित करते रहे यही हमारे प्रभु से कामना है।

मुख्य अतिथि एवं प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री रामकुमार रावलवासिया ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल हमारी ऊर्जा को विकसित करने के साथ-साथ मनोबल को बढ़ाकर नई शक्ति का संचार करते हैं। खेलों से स्वास्थ्य अच्छा रहता ही है साथ ही खेल अच्छे कैरियर की दृष्टि से भी काफी उन्नत शिखर पर है। जो छात्र ईनाम नहीं जीत पाए हैं उन्हें निराश नहीं होना चाहिए बल्कि उत्साह व उमंग के साथ यह सोचते हुए आगे बढ़ना चाहिए कि हार के आगे जीत है।

4×200 मीटर रिले रेस में प्रीति, सोनिका, बंटी, निशा, प्रथम रही, रिंकी, पूजा, दीपसिन्हा और किरण द्वितीय रही, स्नेहलता, काजल, ज्योति, कविता तृतीय रही।

शॉट में निशा प्रथम, मनीषा द्वितीय और अनिशा तृतीय रही। 200 मीटर रेस में किरण प्रथम, प्रीति द्वितीय और सोनिका तृतीय स्थान पर रही।

अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉ. अनीता सहरावत ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में महाविद्यालय की योगा खिलाड़ी ने आकर्षक प्रदर्शन करके सभी को आश्चर्य चकित कर दिया। महाविद्यालय की 64वीं खेलकूद प्रतियोगिता की सर्वोत्तम खिलाड़ी बी. द्वितीय वर्ष की रिंकी रहीं।

इस समारोह को सफल बनाने में अनेक महाविद्यालय और विद्यालय से आए कोचिस श्री नवीन कुमार, श्री भागीरथ, श्री प्रेमसुख, श्री जे.सी. नूनीया, श्रीमती स्वीटी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के सदस्य श्री जैनेन्द्र कुमार जैन, श्री देवेन्द्र कुमार जैन, श्री मदन लाल अग्रवाल, श्री कमल सर्राफ, श्रीमती सविता सिंगल, श्री राजेन्द्र कुमार गर्ग के अतिरिक्त श्री आई.जे. नाहल ;पूर्व प्रोफेसरद्ध श्रीमती सुचेता सर्राफ, श्री सत्यपाल अग्रवाल, श्री कमलेश भारती, श्री ईश कुमार आर्या, श्री नरेश कुमार तथा अन्य गणमान्य अतिथिगणों के साथ समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

## गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में जगद्गुरु श्रीशंकराचार्य पर व्याख्यान आयोजित

# गुरु श्री शंकराचार्य ने सनातन धर्म को प्रचारित करते हुए भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है : प्रो. बिश्नोई




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के हिंदी विभाग एवं भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में चौधरी रणबीर सिंह सभागार के हॉल नं. दो में जगद्गुरु श्रीशंकराचार्य पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जगद्गुरु श्री शंकराचार्य व्याख्यानमाला के अंतर्गत प्रायोजित एक दिवसीय व्याख्यान का विषय रहा 'जगतगुरु श्री शंकराचार्य आध्यात्मिक एवं भाषाई एकता के वाहक'। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में प्रो.सम्पदानन्द मिश्र, संस्कृत विद्वान, डायरेक्टर, सेंटर फॉर ह्यूमन साइंस, ऋषिहुड यूनिवर्सिटी, सोनीपत हरियाणा बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में अधिष्ठाता, मानविकी एवं समाज विज्ञान प्रो. मनोज दयाल विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन विभाग की प्रभारी डॉ गीतू धवन की देखरेख में किया गया।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह व्याख्यान काफी अर्थपूर्ण है, क्योंकि ऐसे व्याख्यान हमारे विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि गुरु श्री शंकराचार्य ने सनातन धर्म को प्रचारित करते हुए भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका अवदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जैसे महान गुरु ने सारे भारत की यात्रा करते हुए चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। यह चारों ज्योति पीठ आज भारत की एकता की प्रतीक है।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो संपदानंद मिश्र ने आदि शंकराचार्य के भाष्य प्रवाह को व्यक्त करते हुए बताया कि शंकराचार्य भारतीय संस्कृति के कालजयी और यशस्वी उन्नायक हैं। उनके जीवन वर्षों की संख्या भले ही कम हो पर उनके रचित ग्रन्थों की संख्या कई-कई जीवन के समकक्ष है। वे संवाद करते हैं, शास्त्रार्थ करते हैं और भारतीय वेदों, गीता और उपनिषदों पर भाष्य लिखकर यह प्रमाणित करते हैं कि भारतीय जीवन शैली श्रेष्ठ है। भारतीय जीवन अतुल्य है। उनके द्वारा की गई एकात्म की संकल्पना हमारे वर्तमान के लिए धरोहर है। उन्होंने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य से ही भारतीय दर्शन की एकात्मकता की यात्रा प्रारंभ होती है। आदि शंकराचार्य की रचनात्मक प्रसिद्ध उनके भाष्य ग्रन्थों से ही हुई। आनंदलहरी, सौंदर्यलहरी, दक्षिणामूर्ति स्त्रोत तथा हरीमीड़े स्तोत्र इसके प्रमाण है।

प्रो. मनोज दयाल ने भारतीय भाषा समिति की सराहना करते हुए बताया कि भारतीय भाषा समिति देशभर के उच्च शैक्षिक संस्थानों में जगतगुरु श्री शंकराचार्य व्याख्यान हेतु सहयोग कर रही है और व्याख्यान का उद्देश्य आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन को छात्र समुदाय के मध्य लाना है।

कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन डॉ. शर्मीला ने किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को भारतीय भाषा समिति की ओर से प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अन्य विभागों से डॉक्टर नरेंद्र चौहान, डॉ सुनैना, डॉक्टर सुनीता, ममता गोयल, शोधार्थी, स्नातकोत्तर एवं स्नातक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का ज्ञापन सहायक प्रो. कल्पना द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# श्रीराम कथा के दौरान श्रीरामलला के जन्म का प्रसंग सुनकर अभिभूत हो गए श्रद्धालु



***पाठकपक्ष न्यूज***

***हिसार, 17 मार्च :*** *किसान कॉलोनी के श्री श्याम मंदिर में आयोजित श्याम भगत मेले के दौरान श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं के उमड़ने का सिलसिला जारी है। वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर ने श्रीरामलला के जन्म से संबंधित प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महिला श्रद्धालुओं ने थाली बजाकर श्रीरामलला का जन्मोत्सव मनाया और भक्तगण अभिभूत होकर जय श्रीराम का जयघोष करने लगे और पूरा श्याम मंदिर परिसर श्रीराममय हो गया। हिसार के पड़ाव चौक निवासी संजय व सुमन मुख्य यजमान रहे और उन्होंने प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान कृष्ण सुथार, सुरेंद्र शर्मा, सतपाल पंघाल व कैलाश बंसल सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर के महंत गोकुलदास व संयोजक जगदीश तायल ने बताया कि लोगों की श्रीराम व श्रीश्याम के प्रति अगाध आस्था है। इसी आस्था के चलते श्याम भगत मेले व श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि श्याम भगत मेला 21 मार्च तक चलेगा। हर रोज दोपहर 3.15 बजे से सायं 6 बजे तक कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर श्रीराम कथा करते हैं। 21 मार्च को अटूट भंडारे का आयोजन होगा। यह भंडारा प्रातः11.15 बजे किया जाएगा। श्रीराम कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं ने श्री श्याम मंदिर में स्थापित श्रीश्याम दरबार, मां सरस्वती, भगवान विष्णु-लक्ष्मी, मां शेरांवाली, भगवान शिव-पार्वती, श्रीराम दरबार, वीर बजरंग बली एवं श्रीकृष्ण-राधा सहित कई देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के दर्शन करके आराधना की और मन्नतें मांगी। मान्यता है कि श्रीश्याम बाबा के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।*

# फीके –फीके रंग है, सूना–सूना फाग। ढपली भी गाने लगी, अब तो बदले राग।।

**पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक–दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग–गुलाल लगाया और हो गई होली। जैसे–जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश तों का मिठास खत्म होता जा रहा है।**



**–प्रियंका 'सौरभ'**

**–पाठकपक्ष डेस्क–**

होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्योहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि ' न हंसी-ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग' ऐसा क्या फाल्गुन? न पानी से भरी 'खेळी' और न ही होली का .....रे का शोर। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....ताम्बा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं।

***बदले-बदले रंग है, सूना-सूना फाग ।***
***ढपली भी गाने लगी, अब तो बदले राग ।।***

फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही 'फाग' शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी। होली खेलते समय पानी की खेली में लोगों को पकडक़र डाल दिया जाता था। कोई नाराजगी नहीं, सब कुछ खुशी-खुशी होता था। वसन्त पंचमी से होली की तैयारियां करते थे। चौराहो पर समाज के नोहरे व मंदिरों में चंग की थाप के साथ होली के गीत गूंजते। रात को चंग की थाप पर गैर नृत्य का आकर्षण था। बाहर से फाल्गुन के गीत व रसिया गाने वाले रात में होली की मस्ती में गैर नृत्य करते थे।

पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली।



जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्ते तों का मिठास खत्म होता जा रहा है। जहां तक होली का सवाल है तो अब मोबाइल और इंटरनेट पर ही 'हैप्पी होली' शुरू होती है और खत्म हो जाती है। अब पहले जैसा वो हर्षोल्लास नहीं रह गया है। पहले बच्चे टोलियां बनाकर गली-गली में हुड़दंग मचाते थे। होली के 10-12 दिन पहले ही मित्रों संग होली का हुड़दंग और गली-गली होली का चंदा इकट्ठा करना और किसी पर बिना पूछे रंग उड़ेल देने से एक अलग प्यार दिखता था। इस दौरान गाली देने पर भी लोग उसे हंसी में उड़ा देते थे। अब तो लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

पहले परायों की बहू-बेटियों को लोग बिल्कुल अपने जैसा समझते थे। पूरा दिन घरों में पकवान बनते थे और मेहमानों की आवभगत होती थी। अब तो सबकुछ बस घरों में ही सिमट कर रह गया है। आजकल तो मानों रिश्तों में मेल-मिलाप की कोई जगह ही नहीं रह गई हो। मन आया तो औपचारिकता में फोन पर हैप्पी होली कहकर इतिश्री कर लिए। अब रिश्तों में वह मिठास नहीं रह गया है। यही वजह है कि लोग अपनी बहू-बेटियों को किसी परिचित के यहां जाने नहीं देते। पहले घर की लड़कियां सबके घर जाकर खूब होली की हुल्लड़ मचाती थीं। अब माहौल ऐसा हो गया है कि यदि कोई लड़की किसी रिश्तेदार के यहां ही ज्यादा देर तक रुक गई तो परिवार के लोग चिंतित हो जाते हैं कि क्यों इतना देर हो गया। तुरंत फोन करके पूछने लगते हैं कि क्या कर रही हो, तुम जल्दी घर आओ। क्यों अब लोगों को रिश्तों पर भी उतना भरोसा नहीं रह गया है।

दूसरी ओर, होली के दिन खान-पान में भी अब अंतर आ गया है। गुझिया, पूड़ी-कचौड़ी, आलू दम, महजूम (खोवा) आदि मात्र औपचारिकता रह गई है। अब तो होली के दिन भी मेहमानों को कोल्ड ड्रिंक्स और फास्ट फूड जैसी चीजों को परोसा जाने लगा है। वहीं, होलिका के चारों तरफ सात फेरे लेकर अपने घर के सुख शांति की कामना करना, वो गोबर के विभिन्न आकृति के उपले बनाना, दादी-नानी का मखाने वाली माला बनाना, रंग-बिरंगे ड्रेसअप में अपनी सखी-सहेलियों संग घर-घर मिठाई बांटना, गेहूं के पौधे भूनना और होली के लोकगीतों को गाना। अब यह सब परंपराएं तो मानो नाम की ही रह गई हैं।

होली रोपण के बाद से होली की मस्ती शुरू हो जाती थी। छोटी बच्चियां गोबर से होली के लिए वलुडिये बनाती थी। उसमें गोबर के गहने, नारियल, पायल, बिछियां आदि बनाकर माला बनाती थी। अब यह सब नजर नही आता है। होली से पूर्व घरों में टेशु व पलाश के फूलों को पीस कर रंग बनाते थे। महिलाएं होली के गीत गाती थी। होली के दिन गोठ भी होती थी जिसमें चंग की थाप पर होली के गीत गाते थे। होली रोपण से पूर्व बसंत पंचमी से फाग के गीत गूंजने लगते थे। आज के समय कुछ मंदिरों में ही होली के गीत सुनाई देते हैं। होली के दिन कई समाज के लोग सामूहिक होली खेलने निकलते थे। साथ में ढोलक व चंग बजाई जाती थी, अब वह मस्ती-हुड़दंग कहां?

अब होली केवल परंपरा का निर्वहन रह गया है। हाल के समय में समाज में आक्रोश और नफरत इस कदर बढ़ गई है कि सभ्रांत परिवार होली के दिन निकलना नहीं चाहते हैं। लोग साल दर साल से जमकर होली मनाते आ रहे हैं। इस पर्व का मकसद कुरीतियों व बुराइयों का दहन कर आपसी भाईचारा को कायम रखना है। आज भारत देश मे समस्यायों का अंबार लगा हुआ है। बात सामाजिक असमानता की करें, इसके कारण समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, मानवता, नैतिकता खत्म होती जा रही हैं। कभी होली पर्व का अपना अलग महत्व था, होलिका दहन पर पूरे परिवार के लोग एक साथ मौजूद रहते थे। और होली के दिन एक दूसरे को रंग लगा व अबीर उड़ा पर्व मनाते थे। लोगों की टोली भांग की मस्ती में फगुआ गीत गाते व घर-घर जाकर होली का प्रेम बांटते थे।

अब हालात यह है कि होली के दिन 40 फीसदी आबादी खुद को कमरे में बंद कर लेती है। हर माह, हर ऋतु किसी न किसी त्योहार के आने का संदेसा लेकर आती है और आए भी क्यों न, हमारे ये त्योहार हमें जीवंत बनाते हैं, ऊर्जा का संचार करते हैं, उदास मनों में आशा जागृत करते हैं। अकेलेपन के बोझ को थोड़ी देर के लिए ही सही, कम करके साथ के सलोने अहसास से परिपूर्ण करते हैं, यह उत्सवधर्मिता ही तो है जो हमारे देश को अन्य की तुलना में एक अलग पहचान, अस्मिता प्रदान करती है। होली पर समाज में बढ़ते द्वेष भावना को कम करने के लिए मानवीय व आधारभूत अनिवार्यता की दृष्टि से देखना होगा।

***बढ़ती जाए कालिमा, मन-मन में हर साल।***
***रंगों से कैसे मलें, इक दूजे के गाल।।***

**–प्रियंका सौरभ**

# लोकसभा की वेबसाइट पर आज भी बृजेन्द्र सिंह को दर्शाया जा रहा हिसार से भाजपा सांसद

## एक सप्ताह पूर्व 10 मार्च को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता और लोकसभा से त्यागपत्र देने बारे की थी घोषणा

## चार वर्ष पूर्व बृजेन्द्र के पिता बीरेंद्र सिंह का राज्यसभा से त्यागपत्र स्वीकार होने में लग गये थे 70 दिन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** मई, 2019 में मोजूदा 17वीं लोकसभा आम चुनाव में हिसार संसदीय सीट से भाजपा के टिकट पर पहली बार लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए चौधरी बृजेन्द्र सिंह, जो पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह डूमरखां के सुपुत्र हैं, ने आज से एक सप्ताह पूर्व 10 मार्च 2024 को सुबह 11 बजकर 33 मिनट पर उनके एक्स (ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट (ट्वीट) किया कि उन्होंने राजनीतिक कारणों की विवशता से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। उसके कुछ समय बाद उन्होंने उसी दिन दोपहर 1 बजकर 49 मिनट पर एक अन्य पोस्ट कर लिखा कि उन्होंने लोकसभा सदस्यता से भी इस्तीफ़ा दे दिया है।

बहरहाल, 10 मार्च को ही बृजेन्द्र दिल्ली जाकर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और अजय माकन और मुकुल वासनिक आदि वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में औपचारिक तौर पर शामिल हुए। खड़गे ने बृजेन्द्र को फूलों का गुलदस्ता देकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया और वासनिक ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाया।

बहरहाल, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि आज सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी लोकसभा की आधिकारिक वेबसाइट पर बृजेन्द्र सिंह को हिसार सीट से भाजपा सांसद दर्शाया जा रहा रहा है। इसी प्रकार गत एक सप्ताह में लोकसभा सचिवालय द्वारा बृजेन्द्र सिंह का मौजूदा 17वीं लोकसभा से सांसद के तौर पर त्यागपत्र स्वीकार करने बारे कोई नोटिफिकेशन भारत सरकार के गजट में प्रकाशित नहीं हुई है।

इस सबके बीच अब प्रश्न यह उठता है कि क्या बृजेन्द्र ने वास्तव में हिसार सीट से उनका त्यागपत्र विधिवत रूप से और उपयुक्त फॉर्मेट में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंप दिया है अथवा नहीं और अगर सौंप दिया है, तो क्या उसे अब तक स्पीकर द्वारा स्वीकार किया गया है अथवा नहीं और अगर स्वीकार कर लिया गया है तो अब तक लोकसभा सचिवालय द्वारा भारत सरकार के गज़ट में इस संबंध में अधिसूचना प्रकाशित क्यों नहीं की गई है और साथ साथ लोकसभा वेबसाइट पर उन्हें आज भी बृजेन्द्र को हिसार सीट से भाजपा सांसद क्यों दर्शाया जा रहा है।

हेमंत ने एक और रोचक तथ्य सांझा करते हुए बताया कि आज से चार वर्ष पूर्व 20 जनवरी 2020 को बृजेन्द्र के पिता और हरियाणा से भाजपा के तत्कालीन राज्यसभा सांसद चौधरी बीरेंद्र सिंह का सदन की सदस्यता से त्यागपत्र भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू, जो अपने पद के फलस्वरूप राज्यसभा के पदेन सभापति भी थे, द्वारा स्वीकार किया गया था हालांकि बीरेंद्र सिंह ने नवंबर, 2019 में ही यह बयान दिया था कि उनका त्यागपत्र राज्यसभा के सभापति द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

इस असमंजस की स्थिति को स्पष्ट करने के उद्देश्य से एडवोकेट हेमंत कुमार ने 21 जनवरी 2020 को राज्यसभा सचिवालय में एक आर.टी.आई. याचिका दायर कर सूचना मांगी थी कि सचिवालय के आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार बीरेंद्र सिंह ने वास्तव में किस तारीख को राज्यसभा सदस्यता से उनका त्यागपत्र सौंपा एवं यह भी जानकारी मांगी गई कि वह तारीख वर्ष 2019 अथवा वर्ष 2020 की थी। उन्होंने इस के साथ उक्त त्यागपत्र की फोटोकॉपी भी मांगी।

राज्यसभा सचिवालय द्वारा प्रदान की गई एक पंक्ति की जानकारी में उल्लेखित रहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह ने उनके पत्र क्रमांक 11 नवंबर 2019 द्वारा राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दिया था, जिसका निर्धारित प्रक्रिया की अनुपालना करने के पश्चात राज्यसभा के सभापति ने 20 जनवरी 2020 से उसे स्वीकार कर लिया। उक्त सूचना के साथ ही बीरेंद्र सिंह द्वारा दिए गए त्यागपत्र की प्रति भी प्रदान की गई जिस पर 11 नवंबर 2019 की तिथि अंकित थी. हालांकि हेमंत में बताया की जब उन्होंने उक्त त्यागपत्र की प्रति का गहन अध्ययन किया तो उन्होंने पाया कि उक्त त्यागपत्र राज्यसभा सचिवालय द्वारा निदेशक (पटल) द्वारा एवं ओ.एस.डी. द्वारा 20 जनवरी 2020 को ही डायरी किया दिखाया गया है जिससे यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि अगर बीरेंद्र सिंह ने 11 नवंबर 2019 को उनका त्यागपत्र राज्यसभा सभापति के कार्यालय में सौंपा था, तो उसे डायरी करने में ही 70 दिन कैसे लग गए हालांकि यह बात और है कि डायरी होने के दिन ही वह स्वीकार हो गया। अब वह 70 दिन का लम्बा विलंब किस कारण हुआ, इसका जवाब आज तक रहस्यामयी है।

# अग्रोहा शक्तिपीठ से चल कर आई कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद का नई अनाज मंडी में हुआ भव्य स्वागत

## महाराजा अग्रसेन के 18 सिद्धांतो का जन जन तक प्रचार एवम् अग्रोहा शक्तिपीठ से जोड़ने का रखा लक्ष्य



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** अग्रोहा शक्तिपीठ अग्र विभूति स्मारक में निर्माणाधीन कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी एवं अष्ठ महालक्ष्मी जी के जन जागरण अभियान में 'महालक्ष्मी जन आशीर्वाद यात्रा' आज जिला हिसार के नई अनाज मंडी ने पहुंची। सबसे पहले यात्रा महाराजा अग्रसेन श्री सत्यनारायण शिव मंदिर परिसर में पहुंचने पर न्यू ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान राम अवतार गोयल व अन्य व्यापारियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह फूलमालाओं, आतिशबाजी व प्रतिष्ठानों पर आरती करके श्रद्धालुओं ने महालक्ष्मी जी का पूजन किया।महिलाओं ने केसरिया धवज के साथ यात्रा में शामिल हुई।अखिल भारतीय अग्रवाल अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश प्रवक्ता विपिन गोयल ने जारी बयान में कहा की राष्ट्रीय गोपाल शरण गर्ग के नेतृत्व में पूरे देश भर में जन आशीर्वाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है हरियाणा में अब तक 20 जिलों में महालक्ष्मी जी की यात्रा भ्रमण कर चुकी है और आज जिला हिसार में प्रवेश किया है। ढोल नगाड़ों के साथ यात्रा प्रारंभ की गई। इस अवसर पर वेद जैन, लक्ष्मी बंसल, सुरेंद्र गोयल न्योली वाले, वेद अग्रवाल, छबील दास केडिया, निर्मल डाबड़ा, महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान अनिल जैन महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रधान अजय सिंगल, विनोद मंगाली वाला अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री मोहित बंसल, प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता विपिन गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ गोयल, हिसार जिला चेयरमैन नरेश सिंघल, हिसार जिला अध्यक्ष दीनदयाल गोरखपुरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्जुन मित्तल, अशोक तिलकधारी, महिला प्रदेश महामंत्री अनीता जैन, हिसार महिला जिला अध्यक्ष एकता गर्ग, महामंत्री अनु गोयल, सत्यनारायण गोयल, राजकुमार जैन, बजरंग सिंगल नीलम अग्रवाल, गुंजन आर्य, पूजा बंसल, अंजू बंसल, रिद्धि बंसल, श्रुति गोयल, बबिता सिंगल, राहुल नियाना, युवा जिला अध्यक्ष विशाल मित्तल, जिला सचिव मुकेश गोयल, दीपक महिपाल, कैलाश सिंगला, राजेश गर्ग, मुकेश बंसल अनेकों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# आम चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में लागू हुई आदर्श आचार संहिता

## स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बुलाई अधिकारियों की बैठक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी राजनीतिक दलों, अधिकारियों-कर्मचारियों सहित सभी संबंधित को आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करनी होगी। हिसार लोकसभा सीट के लिए छठे चरण में चुनाव होगा। 29 अप्रैल को चुनाव का नोटिफिकेशन होगा, मतदान 25 मई और 4 जून को मतगणना होगी। आदर्श आचार संहिता नए सदन के गठन संबंधी अधिसूचना जारी होने तक लागू रहेगी। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों व आम जनता से अपील की है कि वे आदर्श आचार संहिता के सिद्धांतों की अक्षरशः पालना करें। उन्होंने जिला में स्थित सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए है कि वे अपने विभाग से संबंधित सरकार की उपलब्धियां प्रदर्शित करने वाले सभी होर्डिंग्ज, बैनर, पोस्टर इत्यादि तुरंत प्रभाव से हटवाकर पालना रिपोर्ट जिला प्रशासन को भिजवाएं। उन्होंने बताया कि लाउडस्पीकर का प्रयोग जिला प्रशासन की अनुमति से उचित ध्वनि नियंत्रण के अन्तर्गत सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि में ही किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की चुनाव व मतदाता संबंधित जानकारी के लिए जिले में टोल फ्री नंबर 1950 की स्थापना की गई है। टोल फ्री नंबर पर मतदाता सूची से संबंधित व चुनाव से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उपायुक्त ने प्रशासन के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वो किसी भी राजनीतिक गतिविधि का हिस्सा न बनें। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए जिले में स्वीप गतिविधियों को वृहद स्तर पर आयोजित करके निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाई जाए। उपायुक्त ने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि



सभी मतदान केन्द्रों का दौरा करते हुए सुनिश्चित करें कि वहां पर आयोग की हिदायतों के अनुसार मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर बनाई गई इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर विभिन्न प्रकार से नजर रखेगी ताकि कार्यक्रमों में उम्मीदवार द्वारा किए जाने वाले वास्तविक खर्च पर नजर रखी जा सकें। किसी भी राजनीतिक पार्टी द्वारा सरकारी वाहनों का दुरुपयोग नहीं किया जाएगा। डीसी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाना निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सघन अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता किसी भी चुनाव के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। उन्होंने मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के लिए स्थापित स्क्रीन पर शॉर्ट फिल्में चलाने, बस क्यू शैल्टर पर पोस्टर अभियान, नगर निगम के वाहनों पर ऑडियो संदेश चलाने, डीपीआर हरियाणा के स्ट्रक्कर के माध्यम से अभियान चलाने तथा नगर के विभिन्न संगठनों व समूहों की बैठकें करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में लगभग 1305 बीएलओ को मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रभावी कदम उठाने के लिए कहा गया है।


**न्यायालय कमिश्नर फॉर वर्कमेन कम्पनसेशन श्रम न्यायालय, मन्दसौर (म0प्र0)**

**प्रकरण क्रमांक 01/WC.F. (Misc.)/2024.**

**सूचना-पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक सोनू नायक निवासी 251/3, गोल कोठी, धोलाकुआ, हांसी जिला- हिसार (हरियाणा) की दिनांक 19/02/2019 को घटित दुर्घटना के परिणामस्वरुप मृत्यु हो जाने के कारण नियोक्ता/ बीमा कम्पनी नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड द्वारा कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अन्तर्गत मुआवजा राशि रुपये 7,68,560/- अक्षरी रुपये सात लाख अड़सठ हजार पांच सौ साठ केवल मृतक के आश्रितों में वितरण हेतु इस न्यायालय में जमा किये हैं। अत: जो कोई भी व्यक्ति धारा 2 (डी) कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अन्तर्गत मृतक के आश्रित हों तो दिनांक 16/04/2024 को सुबह 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर मुआवजा प्राप्त करने के लिए प्रार्थना-पत्र, पहचान प्रमाण-पत्र, राजपत्रित अधिकारी द्वारा साक्ष्यांकित किये गये मृतक के आश्रितों के फोटो एवं बैंक खाते के विवरण सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत करें तथा मृतक के नाबालिग बच्चे यदि हो तो उन्हें भी साथ लावें। यह ध्यान रहे कि उक्त दिनांक के पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्र पर बाद में मेरे द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**जय पाटीदार**

**न्यायालय कमिश्नर फॉर वर्कमेन कम्पनसेशन श्रम न्यायालय, मन्दसौर (म0प्र0)**


**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।


**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573










# पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करें युवा हलका अध्यक्ष : विकास श्योराण

## युवा इनेलो के हलका अध्यक्षों का किया गया स्वागत समारोह



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** युवा इनेलो के जिला अध्यक्ष विकास श्योराण ने पार्टी के युवा हलका अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही सभी हलका अध्यक्षों का ताउ देवीलाल सदन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अनेक पार्टी नेता उपस्थित रहे। युवा जिला अध्यक्ष विकास श्योराण ने बताया कि उपेन्द्र संधू को नारनौंद, अशोक सुलतानपुर को हांसी, सूरज कालीरमन को नलवा, सचिव डाबरा को बरवाला, आकाश ढाका को हिसार, वजीर ज्याणी को आदमपुर व मनीष किरमारा को उकलाना युवा हलका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी युवा अध्यक्षों का पार्टी कार्यालय में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्वागत समारोह में सभी युवाओ को संबोधित करते हुए युवा जिला अध्यक्ष विकास श्योराण ने उनसे आह्वान किया कि वे पार्टी को मजबूत करने में अपना योगदान दें। इनेलो प्रमुख चौ. ओमप्रकाश चौटाला के शासनकाल में किसानों एवं आम जनता के हित में लागू की गई योजनाओं की जनता को जानकारी दें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। युवा जिला अध्यक्ष विकास श्योराण एवं सभी हलका अध्यक्षों ने पार्टी के प्रधान महासचिव एवं विधायक चौ. अभय सिंह चौटाला को कुरूक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने का स्वागत किया। सम्मान समारोह में उपरोक्त के अलावा जिला अध्यक्ष सतबीर सिसाय, वरिष्ठ नेता चत्तर सिंह स्याहड़वा, राज सिंह मोर, विजय जैन, राजीव राजा, बलराज सब्रवाल, सुभाष टांक बरवाला, सतपाल काजला नलवा, कलीराम खेडड उकलाना, धनपत राम डीईओ, कृष्ण जाखड हांसी, सीताराम जाखड़, मानसिंह चौहान, शमसेर खेदड़ व बलबीर सिहाग सहित अन्य नेता भी उपस्थित रहे।

# आत्मज्ञान को जागृत करना जरुरी : गंगेनन्दन महाराज



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम परिवार के तत्वाधान में गीता भवन मंदिर, रामपुरा मौहल्ला में चल रहे ब्रह्म ज्ञान सत्संग के दूसरे दिन प्रवचन देते हुए कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज ने कहा कि कभी सोचा है कि मनुष्य के जीवन में दुःख क्यों है? हम सुखी जीवन के लिए रोजाना पाठ-पूजा, शास्त्र मनन आदि सब करते हैं, फिर भी मनुष्य के जीवन में कहीं न कहीं से छोटा या बड़ा दुःख आ ही जाता है। विचार किया जाए तो आज के माहौल में हर मनुष्य किसी न किसी कारण से दुःखी अवश्य है। अपने दुःखों को दूर करने के लिए सर्वप्रथम आत्म विद्या को अर्जित करना होगा, दूसरा ध्यान और तीसरा पूरी लगन से भक्ति करना होगा। आत्म साक्षात्कार ही श्रेष्ठ प्राप्ति है। इसके बिना मनुष्य आनंद, शांति प्राप्त नहीं कर सकता। यह सब किसी आत्म ज्ञानी गुरु के चरणों में रहकर ही पूर्ण हो सकता है। भगवान कृष्ण ने भी कहा था कि अर्जुन आत्मज्ञानी के चरणों में जाओ और योगी बनो। अज्ञानता के कारण मनुष्य अपना समय बर्बाद कर रहा है। हर जगह लोभ-लालच ही व्याप्त है। उन्होंने कहा कि स्वयं को जानना अत्यंत जरूरी है। इसके लिए आत्मज्ञान को जागृत करना होगा। जब मनुष्य में जागृति आ जाएगी तो उसके जीवन में आने वाले हर दुःख को भी वह हंसते-हंसते झेल कर उसे सुख में परिवर्तित कर देगा। इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा, डॉ. विशाल शर्मा, डॉ. देवेंद्र, रणजीत सिंह, सतीश कुमार, सुनील मेहता, दीपक कुमार, सुभाष कालड़ा, भतेरी देवी, शोभा रानी, आरती, शारदा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।




## नरेश जांगड़ा लाडवा हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नियुक्त



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** हरियाणा की भाजपा सरकार ने लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले हिसार जिले के निवासी नरेश जांगड़ा को 'श्रम कल्याण बोर्ड' का चेयरमैन नियुक्त कर दिया है। प्रदेश में नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने के बाद लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जातीय समीकरण की बिसात बिछाई जा रही है। हरियाणा सरकार के श्रम विभाग के विशेष सचिव मनीराम शर्मा की तरफ से नियुक्त पत्र जारी किया गया है। नरेश जांगड़ा हिसार जिले के लाड़वा गांव के निवासी हैं। उनके चेयरमैन नियुक्त किये जाने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। बधाईयों का तांता लगा है।




# दत्तात्रेय होसबाले फिर बने आरएसएस के सरकार्यवाह, 2027 तक होगा कार्यकाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 17 मार्च :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने एक बार फिर सरकार्यवाह के पद के लिए दत्तात्रेय होसबाले चुना है। वह साल 2024 से 2027 तक इस पद पर कार्यरत रहेंगे। बता दें, होसबाले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

नागरपुर में चल रही प्रतिनिधि सभा में 17 मार्च को इसका एलान किया गया। बता दें कि आज इस बैठक का आखिरी दिन था। संघ की प्रतिनिधि सभा ने सर्वसम्मति से एक बार फिर अगले तीन साल के लिए दत्तात्रेय को सरकार्यवाह चुना है। साल 2021 से पहले वह सह सरकार्यवाह का दायित्व संभाल रहे थे। इससे पहले भैयाजी जोशी सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे थे।

**कौन हैं दत्तात्रेय होसबाले**

दत्तात्रेय होसबाले कर्नाटक के शिमोगा के रहने वाले हैं। एक दिसंबर, 1955 में जन्मे होसबाले मात्र 13 साल की उम्र में वर्ष 1968 में आरएसएस से जुड़ गए थे। वर्ष 1972 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) से जुड़े। होसबाले ने बैंगलोर यूनिवर्सिटी से अंग्रेसी से स्नातकोत्तर किया। दत्तात्रेय होसबाले एबीवीपी कर्नाटक के प्रदेश संगठन मंत्री रहे। इसके बाद एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री और सह संगठन मंत्री रहे। करीब दो दशकों तक एबीवीपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रहे। इसके बाद करीब 2002-03 में संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख बनाए गए। वे वर्ष 2009 से सह सर कार्यवाह थे। दत्तात्रेय होसबाले को मातृभाषा कन्नड़ के अतिरिक्त अंग्रेजी, तामिल, मराठी, हिंदी व संस्कृत



सहित अनेक भाषाओं का ज्ञान है।

**14 माह तक मीसा बंदी रहे**

दत्तात्रेय होसबाले वर्ष 1975-77 के जेपी आंदोलन में भी सक्रिय थे और लगभग पौने दो वर्ष तक 'मीसा' के अंतर्गत जेल में रहे। जेल में होसबोले ने दो हस्तलिखित पत्रिकाओं का संपादन भी किया। इनमें से एक कन्नड़ भाषा की मासिक पत्रिका असीमा थी।

**संघ के हर तीसरी साल होते हैं चुनाव**

बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में प्रत्येक तीन वर्षों पर चुनाव की प्रक्रिया अपना कर जिला संघचालक, विभाग संघचालक, प्रांत संघचालक, क्षेत्र संघचालक के साथ साथ सरकार्यवाह का चुनाव होता है। फिर ये लोग अपनी टीम की घोषणा करते हैं, जो अगले तीन वर्षों तक काम करती है। आवश्यकतानुसार बीच में भी कुछ पदों पर बदलाव होता रहता है। क्षेत्र प्रचारक और प्रांत प्रचारकों के दायित्व में बदलाव भी प्रतिनिधि सभा की बैठक में होती है। संघ में प्रतिनिधि सभा निर्णय लेने वाला विभाग है।

**ऐसे होता है आरएसएस के सरकार्यवाह का चुनाव**

आरएसएस में सरसंघचालक के बाद सरकार्यवाह का पद सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। विश्व के सबसे बड़े संगठन के दूसरे प्रमुख पद के लिए जब चुनाव होता है, तो कोई तामझाम नहीं रहता है और न ही कोई दिखावा होता है। इस चुनाव की प्रक्रिया में पूरी केंद्रीय कार्यकारिणी, क्षेत्र व प्रांत के संघचालक, कार्यवाह व प्रचारक और संघ की प्रतिज्ञा किए हुए सक्रिय स्वयंसेवकों की ओर से चुने गए प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

**भैयाजी जोशी की जगह संभाला पदभार**

गौरतलब है कि दत्तात्रेय होसबाले से पहले सुरेश भैयाजी जोशी सरकार्यवाह थे। उन्होंने 2018 के चुनाव में सरकार्यवाह के दायित्व से मुक्त करने का आग्रह किया था, लेकिन उनके नेतृत्व को देखते हुए संघ ने उन्हें दोबारा यह दायित्व सौंप दिया था।

## 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने जाट कॉलेज की बदरंग दीवार को सुंदर बनाया!





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने आज जाट कॉलेज की एक दीवार पर टेराकोटा पेंट किया। इस दीवार को ग्रुप द्वारा पहले भी पेंट किया गया था लेकिन लोगों ने पोस्टर्स चिपका चिपका कर इसे फिर से गंदा कर दिया था। टीम के सदस्यों ने रोड पर खम्बों व दीवारों पर लगे बोर्ड व पोस्टर्स भी उतार दिए। आज के अभियान में सुशील खरींटा, डॉ सुरेन्द्र गर्ग, अदेश मलिक, डॉ राज वर्मा, डॉ हरिशंकर सिंघा, डॉ विजय कादियान, मनीष गोयल, गगन मेहता, जितेन्द्र बंसल, युद्धवीर पान्नु, डॉ निशांत बंसल, नीरज बजाज, विक्रम मित्तल, संजय गर्ग, अमित गुप्ता, सुरेन्द्र पान्नु, संजय गर्ग, संजय मारवाड़ी, हरदीप खुराना, पायल सिंघा, ममता छाबड़ा, रश्मि मेहता, निशा गोयल, विनीता बंसल, अलका बजाज, ममता भाटी, हीना गोयल, वंदना गर्ग, रितिका शर्मा, दिनेश बंसल, अंतरिक्ष, अनुराग परवाल, चैतन्य, ध्रुव सिंगल, ईशा बिष्ट, पूर्वी बंसल, सोनू, रिषिका, आयुषी, आकाश, इप्शिता, रिमछा, सिमरन, हर्षिता, कैफी, सैफी, निवी, नयन, देव, दक्ष, ईवा, लविश व नील शामिल हुए।

## जीजेयू के सैंटर फॉर डिस्टेंस लर्निंग एंड ऑनलाइन एजुकेशन के सभी ओपन डिस्टेंस लर्निंग पाठ्यक्रमों को वर्ष 2027-28 तक मान्यता मिली

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सैंटर फॉर डिस्टेंस लर्निंग एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के सभी ओपन डिस्टेंस लर्निंग (ओडिएल) पाठ्यक्रमों को वर्ष 2027-28 तक मान्यता मिली है। यह सीडीओई के लिए एक खास उपलब्धि है। इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विश्वविद्यालय को पत्र जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का सीडीओई पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए सभी मापदंडों पर खरा उतरा है। इससे विश्वविद्यालय का गौरव तथा पहचान बढ़े हैं। विश्वविद्यालय का सीडीओई विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सीडीओई की पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है तथा सैंटर फॉर डिस्टेंस लर्निंग एंड ऑनलाइन एजुकेशन की टीम को बधाई दी है।

सीडीओई के निदेशक प्रो. खुजान सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालय के बीए मास कम्युनिकेशन, बीए जनरल, बीकॉम जनरल, एमकॉम जनरल, एमए मास कम्युनिकेशन, एमएससी मैथेमेटिक्स, एमबीए जनरल तथा एमसीए को ओडिएल मोड में संचालन के लिए मान्यता प्रदान की है। एमए अंग्रेजी के संचालन के लिए वर्ष 2026-27 तक पहले ही मान्यता मिल चुकी है। सीडीओई द्वारा एमबीए एचआर मार्केटिंग और बीकॉम ऑनलाइन मोड में संचालित किया जा रहा है। नए शैक्षणिक सत्र से ऑनलाइन मोड में एमकॉम, एमएससी मैथेमेटिक्स, एमए मास कम्युनिकेशन व एमसीए पाठ्यक्रमों की शुरुआत भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन मोड में डीसीए, डिप्लोमा इन सप्लाई चैन एनालिटिक्स, डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, डिप्लोमा इन फाइनेंशियल मार्केट, डिप्लोमा इन बिजनेस एनालिटिक्स भी शुरू की जा रही है। सीडीओई द्वारा इस मान्यता के लिए द्वारा 31 मार्च 2023 को आवेदन किया गया था।

## द ई5 महिला महाविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का समापन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 17 मार्च :** द ई5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी में गत शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ द्वारा संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर डॉ. वंदना बिश्नोई सेवानिवृत्त प्राचार्या रही। सबसे पहले मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने महिलाओं के सर्वोंगीण विकास पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा महिलाओं को सशक्त किया जा सकता है और उस कड़ी में यह महिला महाविद्यालय बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। ग्रामीण आंचल में स्थित होने के कारण ये महाविद्यालय छात्राओं को अपने घर के नजदीक




गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान कर रहा है तथा साथ ही उन्हें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पोर्ट्स, एनएसएस, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम इत्यादि समय-समय पर आयोजित करके उनके सर्वांगीण विकास में योगदान दे रहा है। मुख्यातिथि ने ज़ोर देकर कहा कि आज के युग में महिलाएं किसी से कम नहीं। वह पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की उन्नति और प्रगति में अपना योगदान दे रही हैं। मुख्यातिथि ने खेल कूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा बेस्ट ऐथलीट नीतू बुरा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा वर्ष भर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालीं छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय के स्टाफ के कार्यों की प्रशंसा की तथा शुभकामनाएं दी कि यह महाविद्यालय दिन दो गुनी रात चौगुनी उन्नति करे तथा भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामप्रताप ने मुख्यातिथि का स्वागत किया व महाविद्यालय में पधारने पर उनका आभार व्यक्त किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया। मंच संचालन मिस मोनिका ने किया तथा इस अवसर पर महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया। यह डॉक्युमेंट्री असिस्टेंट प्रोफेसर इन कॉमर्स मिस मोनिका बजाज ने तैयार की। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य टीचिंग व नॉन टीचिंग सदस्य उपस्थित रहे।

## सेना भर्ती कार्यालय रोहतक द्वारा धर्म शिक्षक श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी की

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** सेना भर्ती कार्यालय रोहतक द्वारा आयोजित भर्ती रैली में भाग लेने वाले धर्म शिक्षक श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची www.joinindianarmy.nic.in वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। सेना भर्ती कार्यालय हिसार से भर्ती निदेशक ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों में रोल नंबर AMB_HAR_HIS_RGT_2023_100005 और AMB_HAR_HIS_RGT_2023_100054 हिसार क्षेत्र से संबंधित है। चयनित उम्मीदवार 20 मार्च को सुबह 10 बजे सेना भर्ती कार्यालय हिसार में पहुंचना सुनिश्चित करें।

## लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला में धारा 144 लागू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** जिलाधीश प्रदीप दहिया ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिले में धारा 144 लागू की है। जारी आदेशानुसार सार्वजनिक स्थानों पर कोई भी व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र, तलवार, भाला, गंडासा, चाकू, छुरी, लाठी, साइकिल चैन व अन्य हथियार लेकर नहीं चल सकता। ये आदेश आगामी 6 जून तक प्रभावी रहेंगे। ये आदेश ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। इसके अलावा सिख धर्म में वर्णित नियमानुसार कृपाण रखने की छूट रहेगी।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक 18 मार्च को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 मार्च :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में 18 मार्च को प्रातः 10 बजे स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मौजूद रहने की हिदायत दी गई है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

